छात्र गांव-गांव जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। –परिवहन अधिकारी

नगर में आज

- **11.00 बजे** : जैन रोजगार योजना का शुभारंभ, दरबार हॉल, राजभवन
- **02.00 बजे** : वृक्षारोपण कार्यक्रम, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय परिसर, मीठापुर
- **04.00 बजे** : पेसमेकर इंप्लांटेशन पर कार्यशाला, पारस हॉस्पिटल, राजा बाजार
- **05.30 बजे** : नाटक 'साग मीट' का मंचन, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, कदमकुआं

संक्षिप्त खबरें

जयंती पर याद किये गये जननायक कर्पूरी ठाकुर

पटना। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती सबका विकास महासंघ, बिन्द-बेलदार विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान तथा फिसरमैन चौरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में मजिस्ट्रेट कॉलोनी में आयोजित की गई। उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में 16 फरवरी को गांधी मैदान मेंआयोजित होने वाले मछुआरा, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक अधिकार महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश बिन्द ने की।

राहुल शर्मा 'नेटवर्किंग एरिना' में आमंत्रित

पटना। विज्ञान,प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अर्न्तगत संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय,नवादा के छात्र राहुल शर्मा को 1 एवं 2 फरवरी को आईआईटी बम्बे द्वारा आयोजित ई-समिट 2025 में 'नेटवर्किंग एरिना' में आमंत्रित किया गया है। साथ ही उन्हें बिहार स्टार्ट-अप नीति 2022 के तहत मूल्यांकन के अगले स्तर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

स्नातक प्रवेश पत्र से फोटो व हस्ताक्षर गायब, आज होने वाली परीक्षा स्थगित

वीसी के निर्देश पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित, दिसम्बर में नयी एजेंसी को सौंपी गयी थी जिम्मेदारी

पटना (एसएनबी)। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में परीक्षा कार्यों के लिए नई एजेंसी के कार्य संभालते ही व्यवस्था ध्वस्त हो गई। परीक्षा विभाग की ओर से 25 जनवरी से परीक्षा लेने की तैयारी कर रखी थी, लेकिन एजेंसी की ओर से प्रवेश पत्र आधा-अधूरा जारी होने के कारण विवि ने पहले दिन 25 को होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया। इसके साथ ही कुलपति प्रो शरद कुमार यादव ने कुलसचिव प्रो एनके झा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी।

कुलपति ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा स्थगित की गई है। तब तक त्रुटी को दुरुस्त कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि स्नातक सत्र 2024-28 के पहले सेमेस्टर की परीक्षा के लिए 22 जनवरी की शाम प्रवेश पत्र जारी किया गया था, इसके बाद वेबसाइट क्रैश हो गई। बाद में ठीक हुआ, लेकिन प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में फोटो और हस्ताक्षर नहीं थे। इसके अतिरिक्त प्रवेश पत्र में रजिस्ट्रेशन नंबर भी गलत आ रहे है। इन त्रुटि को सुधार को लेकर शनिवार को छुट्टी के बावजूद परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज कुमार व उनकी टीम अभ्यर्थियों का आवेदन लिया।

राजभवन के स्तर पर 2024 में नई एजेंसी को परीक्षा कार्य का जिम्मा दिया गया था। इसके लिए सभी विवि के साथ नई एजेंसी एमओयू की थी। वर्तमान में ब्राड कास्ट इंजीनियरिंग कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड (बीईसीआइएल) दिसम्बर से पाटलिपुत्र में विवि का कार्य संभाला था। एजेंसी अभी पीपीयू के अतिरिक्त पटना विश्वविद्यालय आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय और मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विवि में कार्य संभाली थी।

बाइक सवार बदमाश दो लाख बीस हजार छीनकर फरार

मनेर (एसएनबी)। बैक ऑफ इंडिया की शाखा से पैसा निकासी कर कार खरीदने जा रहे पूर्व सैनिक व उसके पुत्र से बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े आजाद नगर के समीप दो लाख बीस हजार रुपए की छिनकर फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं, घटना की जानकारी के बाद देर शाम पहुंचे सिटी एसपी व डीएसपी मामले में पीड़ितों से पूछताछ की।

बता दें कि शुक्रवार को मनेर के दियारा रामपुर गांव निवासी पूर्व सैनिक कपिलदेव राय अपने पुत्र पिंटू के साथ मनेर स्थित बैक आफ इंडिया शाखा से पैसा निकासी के बाद दानापुर की ओर जा रहे थे। एनएच-30 पर आजाद नगर के पास बाइक पर सवार दो अपराधियों ने झपट्टा मारकर रुपये वाले बैग छीन लिये। पैसा छीनने के बाद अपराधी दानापुर की ओर फरार हो गए। अपराधी पल्सर बाइक पर सवार थे। सहायक थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बाइक सटाकर रुपए वाले बैग झपटकर अपराधी भाग निकले। सीसीटीवी एवं अन्य सूत्रों से अपराधियों की तलाश की जा रही है। वहीं, इस मामले की जांच करने सिटी एसपी शरथ एस आर व डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा पहुंचे।

■ दियारा रामपुर गांव निवासी पूर्व सैनिक अपने पुत्र पिंटू के साथ बैंक से पैसा निकासी के बाद दानापुर की ओर जा रहे थे

आईआईटी में सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

पटना/ बिहटा (एसएनबी)। नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस), आईआईटी पटना ने बिहार परिवहन विभाग के सहयोग से रोड सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन शुक्रवार को आईआईटी पटना के सीनेट हॉल में सफलतापूर्वक किया गया। यह वर्कशॉप आगामी सेवा उत्सव (7-9 मार्च 2025) का एक प्री-इवेंट थी, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार यातायात व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शिरकत की, जिनमें जिला परिवहन पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल, सहायक जिला परिवहन पदाधिकारी पिंकू कुमार, मोटर वाहन निरीक्षक मुकेश कुमार और रोड सेफ्टी विशेषज्ञ अमित कुमार शामिल थे। पुलिस विभाग से ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहन ने ट्रैफिक सुरक्षा और प्रबंधन पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम में आईआईटी पटना के कुल सचिव संजय कुमार, उदित, सतीजा. प्रो. रंजीत झा, दीपक चौरसिया आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में छात्रों ने सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों और जिम्मेदार यातायात व्यवहार पर जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने छात्रों को आसपास के गांवों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

■ परिवहन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया रोड सेफ्टी वर्कशॉप

प्रोग्रेसिव यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन की बैठक

पटना (एसएनबी)। आज बिहार प्रोग्रेसिव युनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बिहार की उच्च शिक्षा में व्याप्त प्रशासनिक अराजकताओं के खिलाफ संगठन मजबूती से आवाज उठाएगा और इसके लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालय शिक्षकों को गोलबंद करने का प्रयास किया जाएगा।

एसोसिएशन के सचिव डॉ. चिंटू ने विश्वविद्यालयों में वेतन की घोर अनियमितता पर गहरी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कुलाधिपति और राज्य सरकार से मांग की कि विगत वर्षों से वेतन भुगतान की प्रकिया में अवरोध बढ़ते ही गए हैं जिस कारण अक्सर कई कई महीनों तक वेतन का भुगतान नहीं हो पाता। उन्होंने दावा किया कि विभिन्न शिक्षकों का एरियर मद में लाखों रुपयों का बकाया है लेकिन बार बार मांग करने के बावजूद उनका भुगतान नहीं हो रहा। कई विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की प्रोन्नति लंबित है। यूजीसी द्वारा महिला शिक्षकों को चाइल्ड केयर लीव देने की जो बाध्यकारी अनुशंसा जारी की गई है उसे भी बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में एकरूपता के साथ लागू करने की जरूरत है। सचिव ड़चिंटू ने बताया कि कल आठ विश्वविद्यालयों का दो महीने का वेतन सरकार द्वारा जारी किया गया है लेकिन पांच विश्वविद्यालयों को इससे वंचित रखा गया है। यह राज्य सरकार और विश्वविद्यालयों के आपसी समन्वय के अभाव का नतीजा है जिसका खामियाजा शिक्षकों और कर्मचारियों को उठाना पड़ रहा है।

धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 30 मार्च तक

पटना (एसएनबी)। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज जंक्शन-दिल्ली के रास्ते धनबाद और जम्मूतवी के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 03309/03310 धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है। विस्तारित अवधि के साथ अब इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 30 मार्च तक किया जाएगा। पूमरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल अब 29 मार्च तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को धनबाद से जम्मूतवी के लिए परिचालित की जाएगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल 30 मार्च तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को जम्मूतवी से धनबाद के लिए परिचालित की जाएगी।

आरा-रांची एक्स. का परिचालन पुनर्निर्धारित समय पर

धनबाद मंडल के गझंडी-कोडरमा-हीरोडीह-सरमाटांड़ के बीच 26 जनवरी से 31 जनवरी

तक रेल विकासात्मक कार्य के लिए प्रीएनआई/एनआई कार्य के मद्देनजर आरा और रांची के मध्य चलायी जाने वाली गाड़ी संख्या 18639 आरा-रांची एक्सप्रेस का परिचालन 26 जनवरी एवं 28 जनवरी को आरा से एक घंटे पुनर्निर्धारित समय पर किया जाएगा।

उर्स पर चिचाकी स्टेशन पर अस्थायी रूप से रुकेंगी तीन जोड़ी ट्रेनें

पटना। रेलवे की ओर से अजमेर शरीफ में उर्स मेला में जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 05 फरवरी से 19 फरवरी तक तीन जोड़ी ट्रेनों का चिचाकी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 18625/26 पूर्णिया कोर्ट-हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 13151/ 52 कोलकाता-जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 13307/08 धनबाद-फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 05 फरवरी से 19 फरवरी तक चिचाकी स्टेशन पर दो-दो मिनट के लिए रुकेगी।

साहित्य के प्रवर्तक थे कथाकार हरिवंश नारायण : भगवती

पटना (एसएनबी)। हिन्दी साहित्य में प्रयोजनमूलक धारा के प्रवर्तक थे कथाकार हरिवंश नारायाण। उन्होंने पहली बार अपनी कथा कहानियों में रोजगार और प्रशिक्षण आदि को प्रयोजनीयता का प्रवेश किया, जिससे एप्लाइड साहित्य का श्रीगणेश हुआ। ये कहना है भगवती प्रसाद द्विवेदी का। वे शुक्रवार को रचनापीठ सभागार में प्रसिद्ध साहित्यकार हरिवंश नारायण की 11 वें स्मृति पर्व को संबोधित कर रहे थे जिसका आयोजन 'साहित्य कला संसद बिहार' ने किया। समारोह की अध्यक्षता कवि आलोचक एवं नई घारा के संपादक डॉ. शिवनारायण ने की। उन्होंने कहा कि हरिवंश नारायण ने हिन्दी साहित्य की बारिकियों को वर्तमान संदर्भ में सहज, सुबोध, सर्वग्राह्य और लिखने की प्रशिक्षण देने के लिए साहित्य में उन सभी तत्व को समाहित किया जो जीवन को एक नई दिशा देती है। अतिथियों का स्वागत करते हुए साहित्य कला संसद के अध्यक्ष पंकज प्रियम ने कहा कि बिहार राज्य की उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु अनुप्रयुक्त साहित्य को उच्च कक्षा में शामिल करने से बहुत हद तक जीवन को कारगर बनाया जा सकता है। हरिवंश नारायण की अप्लाइड साहित्य बूस्टर खुराक है जिसे बच्चों को छात्र जीवन से ही पिलाने की आवश्यकता है। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रोफेसर डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि हिन्दी साहित्य में प्रयोजनशीलता को समाहित कर समाज को सुंदर और सुखी बनाने का काम किया है। मगध विश्वविद्यालय के प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि अनुप्रयुक्त साहित्य का निर्माण कर हरिवंश नारायण ने साहित्य पढ़ने वाले छात्रों के लिए भविष्य की राह आसान की है।कॉलेज ऑफ कॉमर्स, पटना में हिन्दी के प्रो. अजय कुमार ने कहा कि हरिवंश नारायण ने अनुप्रयुक्त साहित्य के माध्यम से लोककल्याण की भावना को उजागर किया है। इस अवसर पर रामयतन यादव, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. मीनाक्षी स्वराज, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. इंदिरा प्रियदर्शिनी, डॉ. विनीता गुप्ता, कुमार सुंदरम आदि ने भी अपने विचार रखे।

■ 11वां स्मृतिपर्व मनाया गया

लेख लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पर्यटन सचिव ने किया पुरस्कृत

पटना (एसएनबी)। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित बिहार पर्यटन लेख लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को शुक्रवार को पर्यटन निदेशालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने पुरस्त किया। उन्होंने सभी 32 विजेताओं को पुरस्कार राशि का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार के पर्यटन स्थलों को लेकर आयोजित की गयी इस लेख लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की काफी अच्छी भागीदारी हुई, सभी विजेताओं को पर्यटन विभाग की ओर से बधाई और शुभकामनाएं। पर्यटन विभाग निकट भविष्य में भी राज्य के समृद्ध पर्यटन स्थलों को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजन करता रहेगा, ताकि लोग न केवल बिहार के पर्यटन स्थलों की सैर करें बल्कि भ्रमण करने के उपरांत अपनी लेखनी, तस्वीर आदि के माध्यम से अपनी भावनाएं भी व्यक्त करें। कार्यक्रम में पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 23 नवंबर से 14 दिसंबर 2023 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गयी थी। पर्यटन विभाग ने बिहार के पर्यटन स्थल, कला-संस्ति, व्यंजन आदि पर लेख लेखन हेतु मौलिक प्रविष्टियां आमंत्रित की थी। इस प्रतियोगिता के मध्य तकरीबन दस हजार प्रविष्टियां विभाग को प्राप्त हुई थी। निर्णायक मंडल हेतु विषय विशेषज्ञों की कुल दो टीम बनायी गयी, जिसमें छह सदस्य शामिल थे। जिन्होंने महीनों तक सभी प्रविष्टियों को चेक किया और विजेताओं का अंतिम रूप से चयन किया।

इस प्रतियोगिता के विजेताओं में यूपीएससी की तैयारी करने वाले शामिल हैं, तो क्लैट की तैयारी करने वाली स्टूडेंट को भी पुरस्त किया गया है। विजयी प्रतिभागियों में सुदूर गांव के भी रहनेवाले हैं और शहर के भी प्रतिभागी हैं। अंग्रेजी दीर्घ लेखन में पुरस्त यूपीएससी की तैयारी करने वाले मुंगेर निवासी अविनाश कुमार ने बताया कि इस पुरस्कार से उनके उत्साह में काफी वृद्धि हुई है और एक लाख रुपये की यह राशि मुझे तैयारी करने में भी मदार साबित होगा। वहीं क्लैट की तैयारी करने वाली पटना निवासी अलिशा चंद्रा ने कहा कि उनके लिए यह पुरस्कार भविष्य में काफी उत्साह प्रदान करेगा।

■ 23 नवंबर से 14 दिसम्बर के बीच आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

वर्गीकृत विज्ञापन

नाम-परिवर्तन

I, Yuvraj S/o Raj Kumar R/o H No-31, Adarsh Nagar, Near 8th Phase, Sonari Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand-831011 have changed my name to Yuvraj Sharma.
(Bank Payment Noida)

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपर्युक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

असाधारण प्रतिभा के धनी थे नारायण शास्त्री

पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने देवव्रत और हृदय नारायण को प्रदान किया स्मृति सम्मान

पटना (एसएनबी)। असाधारण प्रतिभा के मनीषी विद्वान थे पं. राम नारायण शास्त्री। वे महान हिन्दी सेवी ही नहीं, संस्कृत के महापंडित और प्राच्य साहित्य के महान अन्वेषक भी थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज को अर्पित था। वे राष्ट्रभाषा परिषद के निदेशक और उच्च कोटि के वक्ता भी थे। यह बातें शुक्रवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में पं. राम नारायण शास्त्री स्मारक न्यास के तवावधान में आयोजित स्मृति सह सम्मान समारोह का उद्घाटन करते हुए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कही। इस अवसर पर उन्होंने देवव्रत प्रसाद तथा संस्कृतिकर्मी पत्रकार हृदय नारायण झा को 'अक्षर-पुरुष पं.राम नारायण शास्त्री स्मृति सम्मान' से अलंकृत किया। वहीं, ईश्वरी देवी सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ छात्रा पुरस्कार किशनपुर, सुपौल की छात्रा दीपिका कुमारी को प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि शास्त्री जी की स्मृति में विगत वर्षों से हो रहा यह यज्ञ अत्यंत प्रेरणास्पद है। अपने पिता की स्मृति में जो कार्य अभिजीत कश्यप ने किया है इसके लिए उन्हें 'श्रवण कुमार सम्मान' से विभूषित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यता डॉ. अनिल सुलभ ने की। उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी एक प्रणम्य साहित्यिक साधु-पुरुष थे। जिनका अवतरण और लोकांतरण एक ही दिन 24 जनवरी को हुआ। यह भी अद्भुत संयोग है कि उनकी पत्नी का नाम ईश्वरी देवी था और उनका भी तिरोधान 24 जनवरी को ही हुआ। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रधानमंत्री भी रहे। कार्यक्रम में पद्मश्री विमल जैन, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डॉ. मधु वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कान्त ओझा, डॉ. मेहता नगेंद्र सिंह, शास्त्री जी की पुत्रवधु प्रो. रेणु कश्यप आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन गौरव सुंदरम ने किया। सभा के अंत में पं. शास्त्री के दिवंगत पुत्र स्मृति-शेष अमिताभ कश्यप को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर अधिवक्ता विवेकानन्द प्रसाद सिंह, सुषमा साहू, अभिनव तथागत, प्रभुदत्त शर्मा, मुरारी प्रसाद सिंह, विवेक कुमार गुप्ता, मो. नकी इमाम समेत प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

खबरें एक नजर में

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिहार राज्य एम्बुलेंस महासंघ के सदस्य।

पूर्वोत्तर राज्य से आए छात्रों का किया भव्य स्वागत

पटना। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर-राज्य छात्र-जीवन दर्शन के अंतर्गत चल रही 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के तहत भारत के पूर्वोत्तर राज्य से आए, तीस प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। पटना जंक्शन पर स्वागत समिति के महामंत्री और पटना विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य पप्पू वर्मा के नेतृत्व में पटना महानगर के कार्यकर्ताओं ने पुष्प की वर्षा और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। पप्पू वर्मा नें कहा की 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' में भाग ले रहे प्रतिनिधि 24 से 28 जनवरी तक पटना में मेजमान परिवार के साथ रहेंगे। और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिससे बिहार की परम्परा एवं संसति को जाननें व समझने का अवसर प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है की वर्ष 1965 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्टूडेंट एक्सपीरियंस इन इंटर-स्टेट लिविंग की स्थापना की गई जो देश के छात्रों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देने के एक विनम्र उद्देश्य के साथ काम करती है। इसमें पूर्वोत्तर भारत और देश के बाकी बाकी हिस्सों समृद्ध संस्कृति और विरासत से सीधे जुड़ाव का अवसर देती है।

ब्लूमिंग तकनीक से डॉक्टरों ने बचाई महिला की जान

पटना। फोर्ड हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने ब्लूमिंग तकनीक का इस्तेमाल कर 50 साल की महिला की जान बचायी। महिला गया की रहने वाली थी। वह सांस फूलने की समस्या (पल्मोनरी एडीमा) से ग्रसित थी। जांच में पता चला कि उसे माइट्रल एस्ट्रोनोसिस (हृदय के वाल्व की सिकुड़न) है। फेंफड़े में पानी भी भर गया था। डॉक्टरों ने रिवर्स लूप से ब्लूमिंग के माध्यम से हृदय के वल्व के सिकुड़न को फुला दिया, जिससे सांस फूलना बंद हो गया। अब महिला बिल्कुल स्वस्थ्य है और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। इलाज करनेवाले वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ और फोर्ड हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बीबी भारती ने बताया कि महिला को पल्मोनरी एडीमा यानि सांस फूलने की समस्या थी। शुरुआत में उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। रिवर्स लूप से ब्लूमिंग के जरिए हृदय के सिकुड़न को फुलाया गया। फेंफड़े में जमा पानी भी ब्लूनिंग के बाद खुद किडनी के माध्यम से निकल जाता है।

निदान ने किया 'नारी शक्ति संघ' का गठन

पटना। निदान द्वारा शुक्रवार को मौर्यालोक कार्यालय में शहर स्तरीय संघ (सीएलएफ) के गठन पर सहमति के लिए बैठक की गई। बैठक में बहादुरपुर, बाजार समिति, पहाड़ीपर, कंकड़बाग, शास्त्री नगर, कमला नेहरू नगर और अदालतगंज से एसएचजी एवं एएलएफ की बड़ी संख्या में महिला सदस्य शामिल हुईं। बैठक की अध्यक्षता रेखा देवी ने की। बैठक में निदान के संस्थापक एवं कार्यकारी निदेशक अरबिंद सिंह ने सीएलएफ के लाभ की चर्चा की। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके संगठित प्रयासों के माध्यम से सामुदायिक विकास में योगदान देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। चर्चा के दौरान महिला सदस्यों ने सीएलएफ के गठन के प्रति सहमति व्यक्त की। कई महिलाओं ने बताया कि सीएलएफ की मदद से आत्मनिर्भर बनी और महाजनों से छुटकारा पाया। कार्यक्रम प्रबंधक विशाल आनंद और श्याम शंकर दीपक ने एएलएफ और सीएलएफ की संरचना, सदस्यों की भूमिका और उनके सामूहिक प्रभाव पर महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी। सीएलएफ का नामकरण 'नारी शक्ति' किया गया।

'करो या मरो' की नीति पर किसान करेंगे धरना-प्रदर्शन

फतुहा। जमीन के उचित मुआवजे को लेकर किसान शुक्रवार को भी धरनास्थल पर डटे रहे। अब तो टेंट लगा कर धरना पर बैठे है। नेतृत्व कर रहे किसान मनीष कुमार ने बताया कि शनिवार से 'करो या मरो' की नीति पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। बिना उचित मुआवजा भुगतान के धरना खत्म नहीं होगा। सरकार ने खुद इस जमीन का रेट तय किया था। लेकिन जब अधिग्रहण की बात आई तो सरकार अपने तय रेट से बदल गई और न्यूनतम राशि पर जमीन अधिग्रहण कर रही है। मौके पर देव कुमार सिंह, अरविंद सिंह, अरुण सिंह, सुंदरी देवी, धर्मवीर प्रसाद, मुन्ना चौहान समेत कई किसान मौजूद थे।

बिहार सरकार

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,
समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल,
जल संसाधन विभाग, 3 री मंजिल, जल संसाधन भवन,
अनिसाबाद, पटना
E-Mail : sepippcirclepatna@gmail.com

भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या (NIQ) – 01/2024–25

पत्रांक– भाड़े का वाहन/7/2016

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल, अनिसाबाद, पटना के अन्तर्गत प्रमंडलाधीन योजनाओं के अनुश्रवण, निरिक्षण एवं संबद्ध तथा असंबद्ध विभाग/निदेशालयों से डाटा संग्रह अथवा सम्पर्क कार्य उच्चाधिकारियों की बैठकों में भाग लेने इत्यादि कार्यों हेतु भाड़े पर अधीक्षण अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल, अनिसाबाद, पटना हेतु 01 (एक) अदद वातानुकूलित स्कार्पियो निम्नांकित शर्तों के अधीन इच्छुक वाहन मालिकों/फर्म से अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 22.01.2025
2. कोटेशन जमा करने की अवधि : दिनांक 31.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान : समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल, अनिसाबाद, पटना के कार्यालय में।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 31.01.2025 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : अधीक्षण अभियंता, समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेषन अंचल, अनिसाबाद, पटना। (मोबाईल नं०– 9470836965)

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.17969 (WRD) 2024-25

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधीक्षण अभियंता
समग्र योजना अन्वेषण एवं प्रोजेक्ट प्रीपरेशन अंचल, पटना

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

योजना एवं विकास विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल–02,पुपरी,सीतामढ़ी
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 16/2024–25
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) : – **बिहार मंदिर चहारदिवारी निर्माण योजना**

ग्रुप संख्या	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में)
01	02	03	04	05	06	07
01	चोरौत प्रखंड अंतर्गत श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट चोरौत का चहारदिवारी निर्माण कार्य।	62,35,264.00	1,24,800.00	10,000.00	As Per Web Page	6 माह
02	परिहार प्रखंड के ग्राम पिपरा विशनपुर ठाकुरवाड़ी का चहारदिवारी निर्माण कार्य। (खाता नं0–406, खेसरा नं0–2176,1544,2161)	44,92,512.00	89,900.00	5000.00	As Per Web Page	3 माह
03	सुरसंड प्रखंड अंतर्गत बिरसख मठ का चहारदिवारी निर्माण कार्य।	49,96,080.00	1,00,000.00	5000.00	As Per Web Page	3 माह
04	सुरसंड प्रखंड अंतर्गत श्री श्री राजधिराज मंदिर नवाही का चहारदिवारी निर्माण कार्य।	26,03,229.00	52,100.00	5000.00	As Per Web Page	3 माह
05	सुरसंड प्रखंड अंतर्गत श्री मुरली मनोहर स्थान सुरसंड (चोरौत) का चहारदिवारी निर्माण कार्य।	39,58,488.00	79,200.00	5000.00	As Per Web Page	3 माह
06	बथनाहा प्रखंड अंतर्गत श्री रामजानकी मंदिर कमलदह का चहारदिवारी निर्माण कार्य।	44,56,653.00	89,200.00	5000.00	As Per Web Page	3 माह

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 21.01.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.02.2025 से 11.02.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 13.02.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.02.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
7. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

कार्यपालक अभियंता
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल–02, पुपरी, सीतामढ़ी

PR. No. 017910 (Planning) 2024-25

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।